दैनिक नवज्योति
उदयपुर, शनिवार, 27 जुलाई 2019

कारगिल विजय दिवस पर हुए विभिन्न आयोजन

उदयपुर। महाराणा मेवाड़ पब्लिक स्कूल में प्रार्थना सभा में करगिल विजय गान बजाया गया। पुणे के अभिमानस फाउन्डेशन एवं स्काउट एवं गाइड्स के साझे में गाइड शची जैन, विशलाक्षी चुण्डावत एवं युक्ता भटनागर ने ट्रस्टी लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ की कलाई पर सलाम करगिल बेन्ड बांधकर अभियान का आगाज किया। अभियान के अन्तर्गत शहर के कई विद्यालयों में विद्यार्थियों ने सलाम करगिल बेन्ड बांधकर शहीदों के प्रति कृतज्ञता एवं राष्ट्र प्रेम का परिचय दिया। संजय दत्ता, प्राचार्य एवं स्काउट कमीश्नर ने संबोधित किया।

कम्प्यूटर चाइल्ड एकेडमी स्कूल में कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक राजेन्द्र तेली ने की। मुख्य अतिथि लोकप्रिया माली व विषिष्ट अतिथि मीनाक्षी पूर्बिया थी। विद्यार्थियों ने व शिक्षकों ने देशभक्ति गीत, कविता व भाषण आदि प्रस्तुतियां दी।

विद्या निकेतन बामावि सेक्टर 4 में बच्चों ने देशभक्ति गीत, कविताएं और कहानियां सुनाई। प्रभारी सीमा नागदा के अनुसार इस अवसर पर आचार्य नरेश नागदा ने विचार रखे।

महावीर चेसमैन पब्लिक स्कूल में कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापिका रेणु चौहान ने की। विशिष्ट अतिथि जयमाला गन्धर्व थी। विद्यार्थियों व शिक्षकों ने विभिन्न प्रस्तुतिया दी।

जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल में कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई। स्कूल प्राचार्य शालू बब्बर, वरिष्ठ अध्यापिका साक्षी शर्मा ने कारगिल युद्ध के बारे में बताया। छात्र छात्राओं ने देशभक्ति से ओत.प्रोत कविता एवं विचार प्रस्तुत किए।

रॉयन इंटरनेशनल स्कूल में महिलाओं के लिए विशेष कार्यशाला हुई जिसमें मार्शल आर्ट के प्रशिक्षक राजकुमार मेनारिया (ब्लैक बैल्ट) को आमंत्रित किया गया। उन्होंने महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए।

कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को शुक्रवार को धानमंडी स्थित कांग्रेस मीडिया सेंटर पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर सेंटर अध्यक्ष पंकज कुमार शर्मा, पिंटू मेघवाल, एनके शर्मा, जावेद खान, इमरान खान, सचिन पाराशर आदि उपस्थित थे।

ऐश्वर्या कॉलेज एजुकेशन संस्थान के स्टॉफ व विद्यार्थियों ने शहीद स्तम्भ, टॉउन हॉल परिसर पहुंच पुष्प अर्पित किए और मोमबत्ती जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। बीएड छात्रसंघ अध्यक्ष विक्रम सिंह ने कारगिल विजय दिवस पर विचार रखे। डीएलएड की छात्राओं संगीता, रेणुका, चन्दा व अन्य ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये। भारतीय जनता पार्टी शहर जिला उदयपुर ने करगिल विजय दिवस की 20 वी वर्षगांठ पर टाउनहॉल स्थित शहीद स्मारक पर अमर शहीदों को कार्यवाहक शहर जिलाध्यक्ष कुंतीलाल जैन के नेतृत्व में पुष्पांजलि कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उनका स्मरण किया। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश मंत्री प्रमोद सामर, महापौर चंद्रसिंह कोठारी, पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश भट्ट, महामंत्री प्रेम सिंह शक्तावत, डॉ किरण जैन, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री डॉ अलका मूंदड़ा, उपाध्यक्ष रमेश जीनगर, सदस्यता अभियान के जिला संयोजक करण सिंह शक्तावत आदि मौजूद थे।

रैली निकाली: राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड नोडल नं.-4, महाराणा मेवाड़ विद्या मंदिर, अम्बामाता के तत्वावधान में कारगिल विजय दिवस पर फतहसागर की पाल पर रैली निकाली गयी। रैली में नोडल के अंतर्गत आने वाले विद्यालय के कब/बुलबुल व स्काउट/गाइड ने हिस्सा लिया। रैली की शुरुआत नोडल अधिकारी झुमुर गहलोत ने हरी झण्डी दिखाकर की। इस दौरान कब मास्टर द्वारा कारगिल युद्ध के बारे में जानकारी दी गयी व बालकों द्वारा निनाद लगाये गये।

सूक्ष्म पुस्तिका का विमोचन : कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में चन्द्रप्रकाश चित्तौड़ा ने 15 पृष्ठ की सूक्ष्म पुस्तिका बनाई, जिसका विमोचन सैनिक कल्याण कार्यालय में किया गया।